## 5/ परिवहन

यदि आपकी गतिशीलता किसी तरह से सीमित है तो कहीं आना-जाना कठिन हो सकता है। आपको जहाँ जाने की ज़रूरत है, वहाँ जाने में आपकी सहायता करने के लिए कई विकल्प होते हैं। ऑस्ट्रेलियाई और राज्य एवं राज्य-क्षेत्र की सरकारें कुछ परिवहन विकल्पों में छूट प्रदान करती हैं।

यह अनुभाग निम्नलिखित के बारे में सेवाएँ और सूचना के लिंक्स प्रदान करता है:

जन परिवहन

छूट और बसों, ट्रेनों, लाइट रेल और नौकाओं के साथ सहायता

सामुदायिक परिवहन

सामुदायिक समूहों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्थानीय यात्राएँ

टैक्सी और राइडशेयर सेवाएँ

आपके क्षेत्र में छूट-प्राप्त टैक्सी योजनाएँ और सेवाएँ

अपनी स्वयं की गाड़ी चलाना और पार्क करना

ड्राइवर लाइसेंस और डिसेबिल्टी पार्किंग परमिट प्राप्त करना

स्वास्थ्य-देखभाल के लिए आने-जाने के लिए परिवहन सेवाओं के बारे में जानकारी के लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण भी देखें।

### 5.1 जन परिवहन

जन परिवहन कई प्रकारों में उपलब्ध है जिनमें ट्रेन, ट्राम, बसें और नौकाएँ शामिल हैं। यदि आपको जन परिवहन सेवा का प्रयोग करने की ज़रूरत है, तो आपकी यात्रा को आसान और सुलभ बनाने के लिए आर्थिक सहायता और सेवाएँ उपलब्ध हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 5.2 सामुदायिक परिवहन

अन्य परिवहन विकल्प आपको आपके घर से सामान्य सामुदायिक क्षेत्रों तक आने-जाने में सहायता कर सकते हैं। इसमें शॉपिंग सेंटर या मेडिकल सेंटर जैसे सामुदायिक क्षेत्र शामिल हो सकते हैं। कम-किराये की परिवहन सेवाएँ अक्सर सामुदायिक केन्द्रों या राज्य और स्थानीय सरकार द्वारा प्रदान की जाती हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 5.3 टैक्सी और राइडशेयर सेवाएँ

सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के पास व्हीलचेयर सुलभ टैक्सियाँ (WATs) हैं। टैक्सी बुक करते समय, WAT के लिए पूछना सुनिश्चित करें यदि आपको इसकी ज़रूरत हो तो। आप अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र की सरकार के साथ सस्ते किरायों के बारे में भी जाँच करना चाह सकते/ती हैं। अधिकांश राज्य या राज्य-क्षेत्र सरकारें विकलाँग लोगों के लिए टैक्सी की यात्रा के खर्चे के कुछ भाग का भार उठाती हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 5.4 अपनी स्वयं की गाड़ी चलाना और पार्क करना

अधिकांश स्थानीय काउंसिलें अपने उन निवासियों को सामुदायिक परिवहन की पेशकश करते हैं जिनके पास निजी परिवहन तक सीमित पहुँच होती है या कोई पहुँच नहीं होती है और जिन्हें परंपरागत जन परिवहन तक पहुँच पाने में कठिनाई होती है। अपनी स्थानीय काउंसिल से उनके सामुदायिक परिवहन सेवा के बारे में पता लगाने के लिए संपर्क करें।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।